__/__/____

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh
Date-                    Class- IV
Subject- Hindi Language          Page- 1
Subject Teachers:- Ms. Roma Rani.
Ms. Suman Sharma.

उपविषय - 'अनुच्छेद'

सुप्रभात प्यारे बच्चो !

यह पाठ 'अनुच्छेद' कक्षा चौथी की हिन्दी व्याकरण का है। बच्चो ! यह पाठ आपको 18 अप्रैल, 2022 को भेजा जाएगा।

प्यारे बच्चो ! आज हम इस पाठ में 'अनुच्छेद' के बारे में पढ़ेंगे। इसलिए सभी बच्चे अपने पास हिन्दी की एक अभ्यास पुस्तिका भी रख लें, क्योंकि मैं आपको पाठ के बीच में कुछ कार्य लिखने के लिए भी दूँगी। बच्चो अब मैं आपको 'अनुच्छेद' के विषय में समझाऊँगी। यदि आप तैयार हैं, तो मैं आपको 'अनुच्छेद' के बारे में समझाने जा रही हूँ। सभी बच्चे इसे ध्यानपूर्वक सुनेंगे एवं समझेंगे।

बच्चो ! किसी विषय पर दस-बारह वाक्यों में मन के भाव या विचार प्रकट करना अनुच्छेद कहलाता है। अनुच्छेद एक विचार या भाव पर लिखा गया वाक्य-समूह होता है। इसमें शब्द-सीमा के भीतर ही विषय-परिचय, वर्णन व निष्कर्ष लिखने होते हैं। अनुच्छेद लिखने का विषय दैनिक घटना, अनुभव, देश प्रेम आदि कुछ भी हो सकता है। अनुच्छेद कुछ वाक्यों में लिखा जाता है। अनुच्छेद-लेखन से बच्चों की कल्पनाशक्ति, रचनात्मक क्षमता का विकास तो होता ही है, साथ ही विषय की जानकारी भी बढ़ती है।

बच्चो ! इस प्रकार

Scanned with CamScanner

__/__/____

Date-                                              Class- IV
Subject- Hindi Language                            Page - 1
Subject Teachers- Ms. Roma Rani
                  Ms. Suman Sharma

किसी भी विषय पर अपने विचारों को संक्षेप में लिखना ही अनुच्छेद कहलाता है।
बच्चो! अनुच्छेद लिखते समय कुछ बातों का अवश्य ध्यान रखना चाहिए।

- दिए गए विषय पर अच्छी तरह विचार करना चाहिए।
- विचारों को क्रमबद्ध करके एक रूपरेखा तैयार करनी चाहिए।
- विचार सरल, छोटे तथा स्पष्ट वाक्यों में लिखने चाहिए।
- मूल विषय से नहीं हटना चाहिए।
- मुहावरों का प्रयोग करने का प्रयास करना चाहिए।

बच्चो! मैंने आपको 'अनुच्छेद लेखन' के बारे में समझा दिया है। अब मैं उसके आधार पर आपसे कुछ प्रश्न पूछूँगी। अब आप यहाँ तीन मिनट का अंतराल लेंगे और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखेंगे।

प्रश्न -1. अनुच्छेद लेखन किसे कहते हैं?
प्रश्न -2. अनुच्छेद में विचार कैसे लिखने चाहिए?
प्रश्न -3. अनुच्छेद लेखन से बच्चों में किस क्षमता का विकास होता है?

बच्चो! अब आपका अंतराल का समय समाप्त हो गया है। अब मैं आपको इन प्रश्नों के उत्तर बताऊँगी।

उत्तर -1. किसी भी विषय पर अपने विचारों को संक्षेप में लिखना ही अनुच्छेद कहलाता है।
उत्तर -2. अनुच्छेद में विचार सरल, छोटे तथा स्पष्ट होने चाहिए।

Scanned with CamScanner

_/_/_

Date-

Class - IV

Subject - Hindi Language

Page - 3

Subject Teachers- Ms. Roma Rani

Ms. Suman Sharma

उत्तर - 3. अनुच्छेद-लेखन से बच्चों की कल्पनाशक्ति और रचनात्मक क्षमता का विकास होता है।

बच्चो ! आज हम अनुच्छेद लिखेंगे 'चिड़िया घर की सैर'

## चिड़िया घर की सैर

एक दिन हमारी अध्यापिका जी ने कक्षा में बताया कि वे हमें चिड़िया घर दिखाने ले जाएँगी। यह सुनते ही बच्चे फूले न समाए तथा तालियाँ बजाने लगे। हमें अध्यापिका जी ने निर्देश दिया कि सब बच्चे अपने साथ खाने की सामग्री तथा पानी अवश्य रखें। धूप से बचने के लिए टोपी ज़रूर लाएँ। अगले दिन हम बस द्वारा चिड़िया घर पहुँचे। बस में सब बच्चों ने खूब गाने गाए। चिड़िया घर पहुँचकर सबसे पहले टिकटघर से टिकट खरीदे। फिर पंक्ति बनाकर चिड़िया घर के अंदर गए। यहाँ जानवरों को अलग-अलग बाड़ों में रखा गया था। हमने वहाँ बाघ, हाथी, हिरन, शेर, गेंडा, नीलगाय, जिराफ़, जेब्रा तथा अन्य जानवर देखे। हमें चिंपाज़ी देखने में सबसे ज्यादा आनंद आया। घूमते-घूमते थकने के बाद हमने भोजन किया। फिर पक्षी घर में विभिन्न प्रकार के पक्षी देखे। शाम को चार बजे हम बस में बैठकर वापस विद्यालय आ गए। चिड़िया घर की सैर करने से हमें बहुत मज़ा आया तथा बहुत से जानवरों के बारे में जानकारी प्राप्त हुई।

Scanned with CamScanner

__/__/__

Date -                                  Class - IV
Subject - Hindi Language                    Page - 4
Subject Teachers - Ms. Roma Rani
                        Ms. Suman Sharma.

विद्यार्थियो ! मैंने आज आपको अनुच्छेद 'चिड़िया घर की सैर' समझा दिया है। आशा है यह आपको अच्छे से समझ आ गया होगा। अब मैं आपको गृह कार्य दूँगी। जिसे सभी बच्चे अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में सुंदर लिखाई में लिखेंगे।

गृह कार्य :-

- बच्चो ! आप 'चिड़िया घर की सैर' विषय पर अनुच्छेद अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे।

नोट :-

बच्चो ! आप इस विषय पर अनुच्छेद अपने शब्दों में भी लिख सकते हैं।

धन्यवाद !

Last page.

Scanned with CamScanner